दलहनों में आत्म निर्भरता मिशन के तहत किसानों को वितरित की मसूर बीज किट

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा की ग्राम पंचायत केवलारी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को मुफ्त दलहन बीज वितरण किया गया।

इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में किसानों के हितों के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार किसानों के कल्याण के लिए बहुतेरे प्रयास कर रही है। भाजपा सरकार के कारण पहली बार किसानों को दलहन के बीज वितरित किए जा रहे है। भाजपा सरकार लगातार किसानों के हित में कार्य कर रही है, किसानों को प्रतिवर्ष केन्द्र एवं राज्य सरकार



द्वारा 12 हजार की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

सांसद ने किसानों को सलाह दी की इस वर्ष कम बारिश के चलते पानी की कमी हो सकती है। जिसे देखते हुए किसान भाई मसूर, चना एवं सरसों की बोनी करे। यह फसले कम पानी में भी अधिक पैदावार दे सकती है।

इस दौरान किसान नेता संजय सक्सेना ने किसानों को समय पर बोनी करने की सलाह दी। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू कहा कि जबसे भाजपा सरकार देश और प्रदेश में कार्य कर रही है यूरिया और डीएपी के दाम नहीं बढ़ाएं गए है।

किसानों को राहत देते हुए सरकार किसानों को लगातार यूरिया और डीएपी में सब्सिडी दे रही है। अब दलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को नि:शुल्क बीजों का वितरण पहली बार किया जा रहा हैं।

इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने किसानों को अपने हाथों से दलहन के बीज वितरित करते हुए कहा कि वे समय-समय पर फसलों के उत्पादन में परिवर्तन लाए। अब जल्द ही भारत दलहन की फसलों का निर्यात भी करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलें में भी किसान कल्याण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है।

ये रहे उपस्थित-

इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय सक्सेना, संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवीय, सरपंच चंदू उईके, इन्द्रभान मर्सकोले, भाजपा नेता जयप्रकाश टेकरे, अविनाश पटेल, निमेश पटेल, प्रहलाद पटेल, नितेश पटेल, शिवदास चौरिया, भारत साहू, ओम शंकर चंद्रवंशी, नीतेश पटेल, बहादुर सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संजय नरवरे, कृषि विकास अधिकारी वी.एस. वरकडे, कृषि विस्तार अधिकारी एस. एल. ब्रम्हे, जगन्नाथ कुमरे, प्रीति बेन, स्वाती अग्निहोत्री, हर्षिता ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

तालाब में डूबे 14 वर्षीय बालक लव साहनी का शव हुआ बरामद



गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु। ग्राम जमकुंडा कैम्प निवासी एवं भूमिगत शारदा माइंस में कर्यरत संतोष साहनी का 14 वर्षीय पुत्र लव साहनी जो कि पंचायत कार्यालय के पीछे कुछ ही दूरी पर बनाए गए तालाब में मंगलवार की दोपहर में नहाते समय डूब गया था। इस घटना की सूचना मिलते ही अंबाड़ा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची एवं स्थानीय तैराको की मदद से शव को निकालने का प्रयास किया गया लेकिन शाम तक सफलता हाथ नहीं लगी तब जिले से बचाव दल मौके पर पहुंचा। एव एस.डी.आर.एफ. की टीम ने रात्रि में तालाब में सर्चिंग अभियान चलाकर मृतक बालक का शव तालाब के गहरे पानी से बाहर निकाला। एवं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। इस दौरान घटना स्थल पर अंबाड़ा चौकी प्रभारी चेतन मर्सकोले सहित अंबाड़ा पुलिस का स्टाफ एवं पूर्व सरपंच प्रकाश कुमरे सहित नागरिकगण भी मौजूद रहे।

सार-समाचार

कार से अवैध मदिरा परिवहन करते आरोपी निरंजन धुर्वे को शराब सहित नवेगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

जुन्नारदेव, देशबन्धु। थाना नवेगांव पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने टाटा नैनो कार में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने निरंजन धुर्वे पिता बुद्धन धुर्वे उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम आवरिया, थाना नवेगांव, जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया है।



थाना नवेगांव पुलिस को मुखबिर तंत्र से सूचना मिली थी कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रातनी मढकाढाना की ओर से मनकूघाटी की तरफ एक टाटा नैनो कार में भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम मड़काढाना मेन रोड पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा। कार की सघन तलाशी लेने पर उसके अंदर विभिन्न ब्रांडों की कुल 78 लीटर 500 मिलीलीटर अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जप्त कर लिया है। जिसमें 3 पेटी देशी प्लेन मदिरा, 3 पेटी लिमोंट बीयर अन्य अंग्रेजी शराब कुल शराब की कुल कीमत 27,100/- है। पुलिस ने टाटा नैनो कार क्रमांक एम.पी. 04 सी.एच. 7438 भी जब्त की है।

मामले में थाना नवेगांव ने आरोपितों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 225/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश सरगर्मी से जारी है। कार्रवाई करने वाली जांबाज पुलिस टीम

इस सफल और त्वरित कार्रवाई में नवेगांव थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही जिसमें निरीक्षक राजन उईके थाना प्रभारी, प्रधान आरक्षक 169 जयप्रकाश सैयाम, आरक्षक 900 रुमन सिंह मरावी और आरक्षक 1089, रामकिशोर धुर्वे, आरक्षक 679 श्यामलाल कोराचे प्रमुख रूप से शामिल है।

जरूरतमंद परिवारों को कम्बल बांटे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गुरुकुल द्वारा जिले भर के आदिवासी विकास खंडों में दीपावली पर्व के भंडारे अनवरत जारी हैं। श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से बिछुआ, खामारपानी, अमरवाड़ा एवं जुन्नारदेव विकास खण्ड के क्रमश: जमहोरी टुरा, कहुआ, चुरका और पातालकोट के आदिवासी क्षेत्रों में हजारों जरूरतमंद परिवारजनों को कम्बल, मिठाई, वस्त्र, दीपक, तेल-बाती आदि नि:शुल्क भेंट किये जा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने बताया कि पूज्य बापूजी के आशिर्वाद से संस्था प्रतिवर्ष दीपावली के पूर्व आदिवासी क्षेत्रों में जरूरतमंदों का मुंह मीठा कर उन्हें जीवन उपयोगी सामग्री भेंट देकर ही दीपावली पर्व मनाती है। शरद पूर्णिमा से प्रारंभ हुए भंडारे दीपावली पर्व के अंत तक जारी रहेंगे। जिले के 3 लाख साधकों को सूचित किया गया है कि अपने अपने आसपास के जरूरतमंदों को चिन्हित कर कम से कम दो लोगों को जरूरत की सामग्री भेट कर मुँह मीठा करवा कर ही दीपावली पर्व मनाऐं। यह हमारी सनातन संस्कृति की भी परम्परा है। बहुत सी जगह साध्वी प्रतिमा बहन के सत्संग भी सम्पन्न हो रहें हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थनीय जन प्रतिनिधियो ने उपस्थित दर्ज की।



पदोन्नति के बाद भी कार्यपालन यंत्रियों से सहायक यंत्री का काम विभागीय व्यवस्था पर उठे सवाल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जल संसाधन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1/1/3/0010/2026-पी1-31(डब्ल्यूआरडी) भोपाल दिनांक 12 जुलाई 2026 के अनुसार विभागीय पदोन्नति समिति की 11 जुलाई 2026 की अनुशंसा के आधार पर सहायक यंत्री (सिविल) के अधिकारियों को कार्यपालन यंत्री (सिविल) के पद पर पदोन्नत किया गया है। मध्य प्रदेश के जल संसाधन विभाग में पदोन्नति के बाद अधिकारियों को उनके पद के अनुरूप दायित्व नहीं सौंपे जाने तथा उच्च पदों के कार्य आवंटन में कथित असमानता का मामला सामने आया है। विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर यह सवाल उठ रहा है कि जब किसी अधिकारी को विधिवत पदोन्नति देकर कार्यपालन यंत्री के पद पर नियुक्त किया जाता है, तो उससे सहायक यंत्री के पद से संबंधित कार्य क्यों लिया जा रहा है ?

विभागीय व्यवस्था को लेकर उठ रही शिकायतों के अनुसार कुछ अधिकारी पदोन्नति प्राप्त कर कार्यपालन यंत्री बन चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद उनसे सहायक यंत्री स्तर के कार्य कराए जा रहे हैं। दूसरी ओर ऐसे अधिकारियों से भी कार्यपालन यंत्री के दायित्वों का निर्वहन कराए जाने की बात सामने आ रही है जिन्हें इस पद पर विधिवत पदोन्नति नहीं मिली है। उदाहरण के लिए जल संसाधन संभाग छतरपुर, जतारा, टीकमगढ़, डिंडोरी, गोहद, मुरैना मे ऐसे सहायक यंत्री, कार्यपालन यंत्री के प्रभार मे कार्यरत है जबकि इनकी पदोन्नति नहीं हुई है। यदि यह स्थिति सही है, तो इससे पदोन्नति प्रक्रिया, कार्य आवंटन और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

पदोन्नति का लाभ केवल पदनाम तक सीमित क्यों?

किसी अधिकारी की पदोन्नति का उद्देश्य उसे उच्च पद के अनुरूप जिम्मेदारी, अधिकार और कार्यक्षेत्र प्रदान करना होता है। ऐसे में पदोन्नत कार्यपालन यंत्रियों से लगातार निचले पद का कार्य लिया जाना उनकी पदोन्नति के वास्तविक लाभ और विभागीय कार्य व्यवस्था की समीक्षा की आवश्यकता को दर्शाता है। वहीं बिना विधिवत पदोन्नति के उच्च पद के दायित्व सौंपे जाने की स्थिति में यह स्पष्ट होना चाहिए कि संबंधित अधिकारियों को किस आदेश, नियम या प्रशासनिक व्यवस्था के तहत कार्य कराया जा रहा है।

दीपावली के नजदीक आते ही सजने लगे रामकोना के बाजार, ग्राहकों को मिलेगी खरीदी में विशेष छूट

रामाकोना, देशबन्धु। दीपावली का पर्व मनाने को लेकर सम्पूर्ण देश मे उत्साह है प्रत्येक छोटे से लेकर बड़े परिवार मे हर्ष एवं उमंग होती है। इस पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति अपने अपने परिवार के लिए खरीददारी करते है।

इस वर्ष जिले की सबसे बड़ी पंचायत एवं चालीस गांव का केंद्र बिंदु रामाकोना मे दिपावली के पर्व पर आकर्षक बाजार सजने लगा है। व्यापारियों ने ठान रखा है की सभी ग्राहकों को विशेष छूट एवं अच्छे से अच्छी व्यवस्था कराई गयी है जिससे ग्राहकों को सुविधाएं मिलेंगी।

कपड़ों का आकर्षक बाजार- दिपावली में सभी नये नये कपड़े पहनने के लिए उत्साहित रहते है इसको देखते हुए ग्राम रामाकोना के सभी कपड़ा व्यापारियों ने अपने ग्राहकों की पसंद के हिसाब से आकर्षक कपड़ो का माल लाकर दुकान मे सजाये रखा है। व्यापारियों ने छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग के उपयोग में आने वाले कपड़ो को ध्यान मे रखते हुए विशेष



ध्यान दिया गया है।

किराना दुकान मे भी विशेष छूट- इस पर्व पर सभी परिवार अपने अपने घरो में पकवान बनाते है एवं तरह तरह के व्यंजन बनाते है जिसके लिए किराना दुकान से सामान खरीददारी कर है। व्यापारियों ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष व्यवस्था बनाई गयी है एवं आकर्षक छूट प्रदान करने की सोची है जिससे आसपास के लोग किराना सामान लेने रामाकोना आने लगते है। भोले किराणा के संचालक जीतेन्द्र चौधरी ने भी अपने ग्राहकों के लिए विशेष छूट रखी है।

मिष्ठान दुकान मे भी रौनक- दीवाली के इस त्यौहार पर प्रत्येक व्यक्ति मिठाई खरीदने के लिए उत्साहित रहते है और हर परिवार मे इस त्यौहार पर मिठाई खरीदने दुकान जाते है रामाकोना की मिठाई दुकानदारों ने अपने ग्राहकों के लिए अच्छी अच्छी मिठाई बनाकर रखी है।

लाईटिंग, होम डोकोरेश की दुकान मे सर्वाधिक भी- दीवाली के इस त्यौहार मे प्रत्येक व्यक्ति अपने अपने घरो को सीरीज एवं आकर्षक लाइटिंग से सजाया करता है रामाकोना के बाजार मे सर्वाधिक भीड़ इन दुकानो पर देखने मिल रही है चुंकि इन दुकानों पर आकर्षक छूट के साथ सामान उपलब्ध है।

सोने-चांदी की दुकानों पर आकर्षक ऑफर- रामाकोना के बाजार मे सोने चांदी की दुकानों पर भी धूम मची हुई है सोना चांदी व्यापरियो ने अपने ग्राहकों का ध्यान रखते हुए आकर्षक ऑफर निकाल रखा है।

व्यापारियों ने अपने ग्राहकों के लिए बनाई अच्छी व्यवस्था- दीवाली के अवसर पर रामाकोना बाजार आकर्षक सजने लगा है व्यापारियों ने अपने अपने ग्राहकों के लिए पार्किंग सुविधाए पानी पिने की सुविधा बेहतरीन करके रखी है।

टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, मोबाइल खरीदी पर भी विशेष छूट- दिवाली के अवसर पर ग्राम रामाकोना का बाजार पूरी तरह सजने लगा है इस त्यौहार के अवसर पर ग्राहक अपने घर पर नयी वस्तुए खरीदी करते है इसका ध्यान रखते हुए ग्राम मे आकर्षक टीवी, फ्रिज, आलमारी, मोबाईल, वाशिंग मशीन दुकानों मे सज चुकी ह। ग्राम के साईंनाथ मोबाईल शॉप, गायत्री मोबाईल शॉप, बालाजी टेलिकॉम अन्य सभी दुकानों मे ग्राहकों का ध्यान रखते हुए अच्छे सामान उपलब्ध है।

कांग्रेस ने पेयजल संकट को लेकर कलेक्ट्रेट में दिया धरना

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। नगर पालिक निगम क्षेत्र की जनता जल संकट से जूझ रही है। सत्ता में बैठी भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में मस्त है, जनता को पानी की जगह सिर्फ आश्वासन दे रही। विगत एक वर्ष से सम्पूर्ण 48 वार्डों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर 15 दिनों में एक बार पानी का टैंकर पहुंचता है। कागजी खानापूर्ति से तंग हो चुकी जनता को शुद्ध व नियमित जलप्रदाय कराने की मांग को लेकर शहर कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल के तत्वावधान में विशाल रैली व धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें कांग्रेसजन के अलावा सभी वार्डों से बड़ी संख्या में आमजन भी पहुंचे।

राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से विशाल रैली प्रारंभ हुई। जितना जल, उतना ही कर, पानी हमारा अधिकार है, हमें नियमित पानी दीजि, जैसी तख्तियां हाथों में लेकर आमजन व कांग्रेसजन रैली में शामिल हुए। जिला अस्पताल, कोतवाली पुलिस थाना, अनगढ़ हनुमान मंदिर, महात्मा गांधी चौक से एक्सीलेंस स्कूल के बाजू से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों व आमजन ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने भाजपा सरकार, ननि, महापौर व सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रशासनिक अधिकारी ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन कांग्रेस ने साफ इंकार करते हुए कहा कि ज्ञापन निगम से सम्बंधित है, इसीलिये ज्ञापन निगम कमीश्नर को ही दिया जाएगा और उनसे पेयजल संकट को लेकर प्रत्येक बिन्दू पर चर्चा की जाएगी।

कांग्रेस के वक्ताओं ने भाजपा पर साधा निशाना-जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने आयोजित धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट में पेयजल संकट को लेकर अनेक बैठकें हो चुकी है, लेकिन समाधान शून्य है। आश्वासन बहुत मिल चुके, अब हमें ठोस



कांग्रेस पार्षद दल ने किए सवाल

समाधान चाहिए। नियमित पानी कब तक मिलेगा इसकी तारीख तय होनी चाहिए। कमलनाथ एवं नकुलनाथ ने माचागोरा जलाशय से पाइप लाइन बिछाकर छिन्दवाड़ा को पेयजल संकट से निजात दिलाई थी, किन्तु वर्तमान की भाजपा सरकार सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित है।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ एवं नकुलनाथ के कार्यकाल में 70 ट्यूबवेल खनन हुए थे। उन बोरों में लगी मोटर पम्प भाजपा के लोग ले गए। निगम बताएं कि उन ट्यूबवेलों में मोटर पम्प क्यों नहीं डाले जा रहे। नये ट्यूबवेल खनन से पहले उन्हें चालू कर दिया जाए तो पेयजल संकट से कुछ हद तक राहत मिल जाएगी, लेकिन निगम का इस ओर ध्यान नहीं है। कांग्रेस के पार्षदगण विगत एक वर्ष से व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत है, लेकिन निगम ने ध्यान नहीं दिया। पेयजल संकट के लिए पूरी तरह से भाजपा शासित निगम जिम्मेदार है।

निगम नेता प्रतिपक्ष श्रीमती हंसा अम्बर दाढ़े ने कहा कि पेयजल संकट की वजह बारिश नहीं, भाजपा शासित नगर निगम की लापरवाही है। समय पर व्यवस्थाएं बनाई जाती, जलस्त्रोतों पर ध्यान दिया जाता तो यह स्थिति नहीं बनती। महापौर अपने केबिन तक सीमित है और कमीश्नर को जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। कमलनाथ व नकुलनाथ ने पेयजल संकट निर्मित होने से पहले ही छिन्दवाड़ा तक माचागोरा जलाशय से पाइप लाइन बिछाकर पानी पहुंचाया था। किन्तु इस निकम्मी सरकार ने अभी तक पेयजल उपलब्ध कराने ध्यान नहीं दिया।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सरला सिसोदिया श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के समय आपका बेटा, आपका भाई कहने वाला सांसद कहां है। ऐसा बेटा और ऐसा भाई नहीं चाहिए जिसने हमें बूंद-बूंद पानी को तरसा दिया है। ऐसा निकम्मा बेटा किसी घर में ना हो जिसने पानी के लिए जनता को सड़क पर ला दिया। अगली बार भाजपा को पानी ही पिलाना होगा, तभी उन्हें प्यास की सही ऐहसास होगा। उन्होंने पेयजल संकट के लिए सीधे भाजपा के स्थानीय जिम्मेदारों को दोषी ठहराया। समस्त कांग्रेस जनप्रतिनिधिगण व सम्पूर्ण 48 वार्डों से पहुंचे आमजन कलेक्ट्रेट परिसर में जमीन पर बैठे रहे। लगभग आधा घंटे बाद निगम कमीश्नर भाजपा की गोद से उठकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

कांग्रेस ने जल संकट पर किए सीधे सवाल -परासिया विधानसभा प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, शहर कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल ने निगम कमीश्नर से जनहित में जल संकट पर सीधे सवाल किए और उनके तत्काल जवाब भी मांगें। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के कार्यकाल में निगम क्षेत्र में 70 ट्यूबवेल खनन हुए हैं, उनमें पानी है, लेकिन मोटरें नहीं है, मोटर पम्प कब तक डाले जाएंगे। कमिश्नर ने कहा 10 दिन में। वार्डों में मौजूद कुंओं की सफाई और उनसे पानी सप्लाई की बात रखी। खापाभाट में एक व्यापारी को निजी उपयोग के लिए दिया ट्यूबवेल कब वापस लिया जाएगा, उन्होंने कहा वापस ले लिया है। अन्य मांगों को लेकर पर समस्त कांग्रेसजन व आमजन की उपस्थिति में सुचारू पेयजल व्यवस्था निर्मित करने को लेकर सीधे कमिश्नर से चर्चा हुई जिसके उपरांत कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन ननि कमिश्नर को सौंपा और सम्पूर्ण मांगों को अविलम्ब पूरा करने की मांग रखी।

आयोजित रैली व धरना प्रदर्शन में शहर कांग्रेस सहित पार्षदगण टिंकू राय, मंजू बैस, शोभी कुरैशी, बबला पटेल, चिंटू काले, आकाश मोखलगाय, राहुल मालवी, नदीम अहमद, अनुराग सराठी, संगीता मुन्ना पवार सहित जिला कांग्रेस सहित कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ, अनुसांगिक संगठन, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।